#WeThe15

#हम15

# अभियान टूलकिट

सुलभ संस्करणों समेत सभी हम15 अभियान टूलकिट के लिए यहां क्लिक करें

# गोपनीय

**हम आपको प्रोत्साहित करते हैं कि अपने आंतरिक हितधारकों और भागीदारों के साथ इस टूलकिट को साझा करें (जैसे ईमेल के जरिए) ताकि हम सब मिलकर 19 अगस्त 2021 को वैश्विक प्रभाव डाल सकें।**

**लेकिन कृपया इसे सार्वजनिक या ऑनलाइन प्रकाशित ना करें।**

# विषय और परिचय

यह टूलकिट बताता है कि दुनिया के एक अरब विकलांग लोगों के जीवन में बदलाव हेतु आंदोलन शुरू करने के लिए पार्टनर, इन्फ्लुएंसर, ब्रॉडकास्टर, मीडिया और व्यक्ति हम15 अभियान में कैसे मदद कर सकते हैं। ***अगले एक दशक तक चलने वाला यह अभियान 19 अगस्त 2021 को सुबह 07:00 बजे जापानी मानक समय (जेएसटी) पर शुरू होगा और तब तक इस दस्तावेज़ को सार्वजनिक करने पर प्रतिबंध है।*** यह अभियान टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों (25 अगस्त-5 सितंबर 2021) का एक प्रमुख हिस्सा होगा। इस दस्तावेज़ में आप निम्नलिखित विषय पाएंगे:


| | |
|---|---|
| हम15 अभियान का परिचय | 4 |
| प्रमुख तिथियां | 9 |
| आप कैसे समर्थन कर सकते हैं | 11 |
| सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण (एसेट समरी) | 16 |
| फ़िल्म | 20 |
| सोशल मीडिया कंटेंट | 22 |
| ब्रांडेड एसेट | 29 |
| एथलीट/ इन्फ्लुएंसर/एम्बेसडर | 34 |
| आउटडोर और प्रेस | 36 |
| मिडिया के साथ संपर्क | 40 |
| पर्पल लाइट अप | 43 |


यदि इस टूलकिट संबंधी आपका कोई प्रश्न है, तो कृपया hello@wethe15.org पर ईमेल करें।

**19 अगस्त, 2021 तक प्रतिबंधित**






# विकलांग लोग हमारी दुनिया की आबादी का 15% हैं। वे मानव विविधता के अंग हैं, असामान्यता नहीं।









Photo credits:
Canva
Disabled and Here
Invictus Games Foundation

# हम15 का परिचय

**हम15 का उद्देश्य है विकलांग लोगों के साथ भेदभाव समाप्त करने और दुनिया के 1.2 अरब विकलांग लोगों के जीवन को बदलने के लिए अब तक के सबसे बड़े मानवाधिकार आंदोलन के रूप में खड़ा होना। विकलांग लोग पूरी दुनिया की आबादी का 15% हैं।**

हम15 का प्रतीक एक ऐसी दुनिया का प्रतिनिधित्व करता है जहां 15% आबादी अब हाशिए पर नहीं होगी।

हम15 अभियान का उद्देश्य बदलाव की मुहिम में दुनिया के प्रत्येक समुदाय को एकजुट करना है।

बैंगनी रंग लंबे समय से विकलांग समुदाय से जुड़ा हुआ है, लेकिन यह पहली बार होगा कि जब एक ऐसा जीवंत, सकारात्मक और अत्यंत दृश्यमान प्रतीक मौजूद होगा जो समुदाय को एकजुट कर सकता हो और परिवर्तन हेतु आह्वान कर सकता हो।

**ट्विटर/इंस्टाग्राम: @WeThe15, लिंक्डइन ग्रुप**
**वेबसाइट: www.WeThe15.org – अभियान संबंधी अपडेट के लिए हमारा न्यूज़लेटर साइन अप करें**

#WeThe15
#हम15

# मुख्य संदेश

- विकलांग लोग हमारी दुनिया का 15% हैं। वे मानव विविधता का हिस्सा हैं।

- हम15 दुनिया के 1.2 अरब विकलांग लोगों के जीवन का प्रतिनिधित्व करने और उनके जीवन को बदलने के लिए अब तक का सबसे बड़ा मानवाधिकार आंदोलन बनने का आकांक्षी है।
- हम15 अभियान विकलांगता अधिकार को नृजातीयता, लिंग और यौन अभिमुखता के साथ समावेशन एजेंडे के केंद्र में रखेगा।
- अगले दशक में, हम15 का उद्देश्य विकलांग व्यक्तियों के प्रति भेदभाव समाप्त करना है और एक ऐसे वैश्विक आंदोलन के रूप में कार्य करना है जो विकलांगता दृश्यता, सुगम्यता और समावेशन के लिए सार्वजनिक अभियान चलाए।
- हम15  खेल, मानवाधिकार, नीति-निर्माण, व्यापार, कला और मनोरंजन जगत के अंतरराष्ट्रीय संगठनों के अब तक के सबसे बड़े संघ का निर्माण करता है।
- हम 15 में शामिल संगठन अगले दशक दुनिया के सबसे बड़े हाशिया समूह के जीवन में बदलाव के लिए सरकार, व्यवसाय और जनता के साथ काम करेंगे। यह समूह वैश्विक आबादी का 15% है।
- प्रत्येक व्यक्ति परिवर्तन लाने में भूमिका निभा सकता है।

**कृपया इन संदेशों को अपने सोशल मीडिया पोस्ट और अन्य प्रकाशनों में शामिल करने पर विचार करें।**



# दुनिया के सबसे बड़े हाशिया समूह के लिए परिवर्तन लाना

हम15 जागरूकता बढ़ाएगा, नजरिए में बदलाव लाएगा, अधिक अवसर पैदा करेगा और साथ ही लोगों की पहुंच को बढ़ाएगा। इसके लिए वह निम्नलिखित कदम उठाएगा:

- विकलांग व्यक्तियों को विविधता और समावेशन एजेंडा के केंद्र में लाना।
- अगले दशक विकलांग व्यक्तियों के सामाजिक समावेशन के लिए कई प्रकार की गतिविधियां संचालित करना।
- उन तमाम सामाजिक और व्यस्थागत बाधाओं को तोड़ डालना जो विकलांग व्यक्तियों को उनकी क्षमता का पूरा उपयोग करने और समाज के सक्रिय सदस्य बनने से रोक रहे हैं।
- विकलांग व्यक्तियों की और अधिक जागरूकता, उनकी मज़बूत उपस्थिति और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना।

**वैश्विक आंदोलन अगले दशक विकलांगता दृश्यता, समावेशन और सुगम्यता के लिए सार्वजनिक रूप से अभियान चलाएगा।**








# हम15 अभियान के पार्टनर का अवलोकन

दुनिया के सबसे बड़े हाशिया समूह के लिए परिवर्तन लाने हेतु हम15 खेल, मानवाधिकार, नीति-निर्माण, व्यापार, संस्कृति और मनोरंजन जगत के अंतरराष्ट्रीय संगठनों का अब तक का सबसे बड़ा संघ है। उनके ऑनलाइन और सोशल मीडिया चैनल देखने के लिए यहां क्लिक करें।

आप इस प्रचारात्मक वीडियो: Introduction to WeThe15 में अभियान के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

ध्यान दें: वीडियो सूचीबद्ध नहीं है और 19 अगस्त से पहले इसके लिंक को सार्वजनिक रूप से शेयर नहीं करना चाहिए।

# महत्वपूर्ण तिथियां

# अभियान आरंभ की मुख्य तिथियां

| 19 अगस्त | 24 अगस्त | 24 अगस्त – 5 सितंबर | 5 सितंबर | 6 सितंबर और उसके बाद |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| **अभियान आरंभ के महत्वपूर्ण पल**<br><br>यह अभियान वैश्विक स्तर पर सुबह 07:00 बजे जेएसटी पर शुरू होगा। अभियान फिल्म, सोशल मीडिया सामग्री, प्रतीक और #हम15 को आंदोलन के अनेक समर्थकों द्वारा सभी चैनलों पर शेयर किया जाएगा।<br><br>दुनिया भर के 80 से अधिक ऐतिहासिक स्थलों को बैंगनी रंग से रोशन किया जाएगा। | **उद्घाटन समारोह**<br>टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह में हम15 के लिए एक समर्पित खंड है। आईपीसी अध्यक्ष एंड्रयू पार्सस इस समारोह को देख रहे 25 करोड़ वैश्विक दर्शकों के समक्ष अभियान फिल्म को प्रस्तुत करेंगे।<br><br>. | **पैरालंपिक खेलों का आरंभ**<br>मशहूर हस्तियों, पैरालिंपियन और प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा समर्थन जारी। आंदोलन का ऑनलाइन विस्तार जारी रहता है।<br><br>डिजिटल प्लेटफॉर्म और प्रायोजक ब्रांड आंदोलन में अपने–अपने अनुबंधित अभियान को शामिल करते हैं। | **समापन समारोह**<br>टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों के समापन समारोह में एक समर्पित खंड आंदोलन के महत्व को और मजबूत करता है। अभियान में शामिल अंतरराष्ट्रीय संगठनों के नेताओं के समर्थन का वीडियो संदेश 20 करोड़ टीवी दर्शकों के लिए प्रसारित किया जाता है। | **पैरालंपिक खेलों के बाद**<br>परिवर्तन हेतु एक 10 वर्षीया कार्यक्रम शुरू।<br><br>@हम15 के सोशल चैनल्स से शैक्षिक सामग्री और समर्थन भरे संदेशों को शेयर किया जाना जारी रहता है।<br><br>. |

हम15 चैनल्स के संपूर्ण सोशल मीडिया कंटेंट कैलेंडर के लिए, कृपया इस लिंक पर जाएं या यह कैलेंडर देखें

# हम15 का समर्थन कैसे करें


हम एक साथ मिलकर 1.2 अरब विकलांग व्यक्तियों के संपूर्ण समावेशन के लिए
अगले दशक में समाज को बदल सकते हैं।
साथ मिलकर नया भविष्य बना सकते हैं।
एक साथ मिलकर हम सांस्कृतिक बदलाव ला सकते हैं।
बदलाव की शुरुआत हरेक समुदाय से हो सकती है।
बदलाव आप से शुरू हो सकता है।
#हम15
Photo credits:
Canva

# आप कैसे समर्थन कर सकते हैं: इसे शेयर करें!

हम इस अभियान के पहले दो हफ्तों के भीतर इसे कम-से-कम 50 करोड़ लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं।

आप @हम15 के ट्विटर और इंस्टाग्राम चैनलों और @पैरालंपिक फेसबुक पेज से अभियान संबंधी गतिविधियों को शेयर या क्रॉस-पोस्ट कर इस बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने में हमारी मदद कर सकते हैं। यहां आप 90-सेकंड लंबी अभियान फिल्म को भी शेयर या क्रॉस-पोस्ट कर सकते हैं। यह एक शानदार फिल्म है जिसमें विकलांग व्यक्तियों का जोरदार, गौरवपूर्ण और जीवंत चित्रण किया गया है।

एसेट्स (सामग्रियां) के लिए पृष्ठ 15 से 18 देखें, और अधिक जानकारी के लिए WeThe15.org पर जाएं।

**शेयर/क्रॉसपोस्ट करने का महत्व**

हम आपके द्वारा अपलोड करने के लिए कुछ सामग्रियां एफटीपी पर अपलोड करेंगे, लेकिन आम तौर पर हम इस बात के लिए लोगों को प्रेरित करते हैं कि वे @हम15 चैनलों से शेयर या क्रॉसपोस्ट करें क्योंकि यह सोशल प्रूफ को गति देगा। सोशल प्रूफ क्या है?

लोग ज्यादातर ऐसे वीडियो को देखते और शेयर करते हैं जिसे अधिक लोगों ने देखा है। अगर हम में से प्रत्येक वीडियो अपलोड करते हैं, तो जाहिर है कि दर्शक बंट जाएंगे।

- फेसबुक पर क्रॉसपोस्ट करने, ट्विटर पर विषय को सूचीबद्ध करने की अनुमति, कहानियों में इंस्टाग्राम फीड पोस्ट शेयर करने संबंधी एक मार्गदर्शिका यहाँ दी जा रही है।

Facebook.com/Paralympics और Twitter.com/wethe15 से क्रॉसपोस्ट करने के लिए कृपया इस ईमेल पर संपर्क करें- Ryan.Hills@paralympic.org

# आप कैसे समर्थन कर सकते हैं: इसे लाइव करें

सभी चैनलों पर हम15 अभियान एसेट शेड्यूल करें

आंतरिक हितधारकों को अभियान के बारे में बताएं और यह सुनिश्चित करें कि तमाम संबंधित विभाग (मानव संसाधन, जनसंपर्क, संचार, विपणन) इसमें शामिल हों

विकलांग व्यक्तियों के बारे में दिखाने और खेलों के दौरान बैंगनी रंग का उपयोग करने के लिए मौजूदा विज्ञापनों को अपडेट करें

**इसकी पहचान करें कि आंदोलन के प्रति समर्थन जताने के लिए 19 अगस्त को आप किन-किन चीज़ों को बैंगनी रंग में रंग सकते हैं (प्रधान कार्यालय, सोशल मीडिया, वेबसाइट, आदि)**

**ऐसे दूतों और प्रभावशाली व्यक्तियों की पहचान करें जो जागरूकता पैदा करने के लिए अभियान को बढ़ावा दे सकते हों**

**अभियान के प्रतीक या बैंगनी रंग का उपयोग करते हुए अपनी खुद की सामग्री तैयार करें और आंदोलन का समर्थन करने के लिए अपने ब्रांड/शक्ति/प्रभाव का उपयोग करें**

इसकी पुष्टि करें कि आप सभी चैनलों पर अभियान फिल्म शेयर कर सकते हैं

# आप कैसे समर्थन कर सकते हैं: इसे लाइव करें

| अभियान आरंभ से इतर कुछ गतिविधियां |
|---|
| • विकलांग व्यक्तियों के सामने आने वाली सभी बाधाओं को दूर करें। |
| • यह सुनिश्चित करें कि दुनिया भर में विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों का सम्मान हो, उन्हें संरक्षित किया जाए और उन्हें पूरा किया जाए। |
| • यह सुनिश्चित करें कि आपके संगठन या समुदाय में हर कोई यह समझता हो कि आपके व्यवसाय, ब्रांड और समाज के लिए समावेशन का महत्व क्यों है। |
| • विकलांग व्यक्तियों के संगठन (ओपीडी) से बात करें और पता करें कि आप स्थानीय स्तर पर कार्रवाई कैसे कर सकते हैं। |
| • अपने संगठन में विकलांगता समावेशन के लिए प्रतिबद्ध रहें। |
| • अपने संचार को और अधिक समावेशी बनाएं। |
| • यह सुनिश्चित करें कि विकलांग लोग व्यक्तिगत गतिविधियों में और प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए विभिन्न तरीकों से भाग ले सकते हैं। |
| • विकलांग व्यक्तियों के रोजगार मुहैया कराएं, यह सुनिश्चित करें कि नियुक्ति प्रक्रिया में समानता हो, समुचित आश्रय प्रदान किया जाता हो और विकलांग हो गए कर्मचारियों को काम पर वापस लौटने में मदद की जाती हो। |

आप समाज को बदलने में कैसे मदद कर सकते है, इस बारे में अधिक जानकारी के लिए www.wethe15.org पर जाएं.

# सामग्री का संक्षिप्त विवरण (एसेट समरी)

# हम15 अभियान सामग्रियों पर एक नज़र

इन सामग्रियों में शामिल हैं वीडियो, फोटो, ग्राफिक्स और जीआईएफ, हम चाहते हैं कि आप इन्हें शेयर करें।

### ब्रांडिंग

हम15 के प्रतीक, शब्द चिह्न, बैंगनी रंग एक समग्र विज़ुअल आइडेंटिटी टूलकिट में उपलब्ध हैं। ब्रांड सामग्रियों को डाउनलोड करने के लिए कृपया brand@wethe15.org पर ईमेल करें ।

### अभियान फिल्म और पोस्टर

ब्रॉडकास्ट टीवी, ऑनलाइन उपयोग और सोशल मीडिया के लिए अत्यंत गतिशील और अनूठी 90 सेकंड और 30 सेकंड की फ़िल्में उपलब्ध रहेंगी। साथ ही, सशक्त और प्रभावशाली पोस्टर उपलब्ध होंगे।

### सोशल मीडिया सामग्री

हम15 तैयारशुदा इमोजी, जीआईएफ, हैशटैग और अनूठी शैक्षिक अंतर्वस्तु के साथ तमाम सोशल चैनलों पर लगातार दिखेगा।

# सामग्रियों पर एक नज़र

*

हम15 चैनल्स के संपूर्ण सोशल मीडिया कंटेंट कैलेंडर के लिए, कृपया इस लिंक पर जाएं या यह कैलेंडर देखें

| सामग्री | भाषा | सुगम्यता | डाउनलोड के लिए लिंक | शेयर के लिए लिंक | अधिक जानकारी के लिए |
|---|---|---|---|---|---|
| हीरो फिल्म (90 सेकंड) | सभी अभियान भाषाओं में उपशीर्षक के साथ अंग्रेजी* | सीसी (सभी भाषाएं) , आईएसएल, ऑडियो वर्णित (अंग्रेजी) | शेयर लिंक देखें | 18 अगस्त से यहां उपलब्ध | 20 |
| हीरो फिल्म (30 सेकंड) | सभी अभियान भाषाओं में उपशीर्षक के साथ अंग्रेजी* | सीसी (सभी भाषाएं) , आईएसएल, ऑडियो वर्णित (अंग्रेजी) | शेयर लिंक देखें | 18 अगस्त से यहां उपलब्ध | 20 |
| एथलीट फिल्में | सारांश इस लिंक पर देखें | सीसी | एथलीट फिल्म्स लिंक - 12/8 से | 18 अगस्त से यहां उपलब्ध | 23 |
| समापन समारोह फिल्म | सभी अभियान भाषाओं में उपशीर्षक के साथ अंग्रेजी* | सीसी (सभी भाषाएं) , आईएसएल, ऑडियो वर्णित (अंग्रेजी) | समापन समारोह लिंक | 5 सितंबर से यहां उपलब्ध | 24 |
| शैक्षिक ग्राफिक्स | सभी अभियान भाषाएं* | सभी भाषाओं में ऑल्ट टेक्स्ट | शैक्षिक ग्राफिक्स लिंक - अंग्रेजी में 23/7 से, सभी भाषाओं में 5/8 से | 19 अगस्त से यहां उपलब्ध | 22 |
| आउटडोर/प्रेस हीरो क्रिएटिव | सभी अभियान भाषाएं* | सभी भाषाओं में ऑल्ट टेक्स्ट | आउटडोर/प्रेस हीरो क्रिएटिव- अंग्रेजी में 23/7 से, 5/8 से सभी भाषाओं में | अनुपलब्ध | 37 |
| आउटडोर/प्रेस टेक ओवर | सभी अभियान भाषाएं* | सभी भाषाओं में ऑल्ट टेक्स्ट | आउटडोर/प्रेस टेक ओवर -अंग्रेजी में 23/7 से, 5/8 से सभी भाषाओं में | अनुपलब्ध | 38 |

*अंग्रेजी, फ्रेंच, स्पेनिश, पुर्तगाली, इतालवी, रूसी, चीनी, जापानी, हिंदी, अरबी

# सामग्रियों पर एक नज़र

हम15 चैनल्स के संपूर्ण सोशल मीडिया कंटेंट कैलेंडर के लिए, कृपया इस लिंक पर जाएं या यह कैलेंडर देखें

| सामग्री | डाउनलोड के लिए लिंक | शेयर के लिए लिंक | अधिक जानकारी के लिए |
|---|---|---|---|
| जीआईएफ | जीआईएफ लिंक | 19 अगस्त से यहां उपलब्ध | 29 |
| स्टिकर | उपलब्ध नहीं | 19 अगस्त से यहां उपलब्ध | 29 |
| फ़िल्टर | उपलब्ध नहीं | 19 अगस्त से यहां उपलब्ध | 30 |
| प्रोफाइल पिक्चर | प्रोफाइल पिक्चर लिंक | फेसबुक (19 अगस्त से)<br>ट्विटर (19 अगस्त से) | 32 |
| कवर फोटो | कवर फोटो लिंक | उपलब्ध नहीं | 32 |
| वेबसाइट बैनर | वेबसाइट बैनर लिंक - अंग्रेजी में 30 जुलाई से उपलब्ध और सभी अभियान भाषाओं में 5 अगस्त से | उपलब्ध नहीं | |
| डेस्कटॉप और वीडियो कॉल बैकग्राउंड | डेस्कटॉप और वीडियो कॉल बैकग्राउंड लिंक | उपलब्ध नहीं | |
| ऐतिहासिक स्थलों की तस्वीरों समेत अन्य तस्वीरें, इन तस्वीरों पर कोई कॉपीराइट नहीं | कॉपीराइट मुक्त तस्वीरों के लिए लिंक | उपलब्ध नहीं | |
| हम15 ब्रांड संबंधी मार्गदर्शिका | मार्गदर्शिका के लिए लिंक - ब्रांड सामग्रियों के लिए इस ईमेल पर संपर्क करें brand@wethe15.org | उपलब्ध नहीं | 29 |

# अभियान के आरंभ संबंधी फिल्म

# अभियान के आरंभ संबंधी फिल्म

हम चाहते हैं कि हम15 के प्रथम माह में 50 करोड़ लोग हमारी यह फिल्म देखें।

कृपया इस फिल्म को अपने सभी चैनलों पर शेयर करें और लोगों को इसे देखने के लिए यथासंभव अधिक-से-अधिक अवसर पैदा करें। चाहे टीवी पर स्पॉट चलाने के लिए मीडिया बजट हेतु अनुदान करना हो, या इसे ऑनलाइन बढ़ावा देना हो, हम सभी तरह के समर्थन का स्वागत करते हैं।

अंग्रेजी में उपलब्ध सामग्री:
- हीरो 90" फिल्म
- प्रसारण हेतु उपयुक्त 90" फिल्म
- प्रसारण हेतु उपयुक्त 30" फिल्म
- जीआईएफ और सोशल मीडिया कट-डाउन्स

इस अवलोकन में 19 अगस्त से फिल्म को शेयर करने संबंधी लिंक शामिल हैं। फिल्म को कंटेंट+ के जरिए प्रसारकों को शेयर किया जाएगा।

संक्षिप्त शीर्षक इन भाषाओँ में उपलब्ध: अंग्रेज़ी, फ्रेंच, स्पैनिश, पुर्तगाली, इतालवी, रूसी, चीनी, जापानी, हिन्दी, अरबी।

सांकेतिक भाषा संस्करण अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा में है। ऑडियो संस्करण अंग्रेजी में है।




हम15 अभियान फिल्म  प्रसारकों के लिए निम्नलिखित विशिष्टताओं के अनुसार बनाई जाएगी:

**•रैपर: .mov (क्विक टाइम)**
**• वीडियो कोडेक: ProRes422**
**• फ्रेम  रेट: 25 एफपीएस (पाल) और 29.97 एफपीएस (एनटीएससी)**
**रिजोल्यूशन: 1920 x 1080 (एचडी)**

# सोशल मीडिया कंटेंट

# शैक्षिक विषय

हमारे लिए यह बेहतर अवसर है कि हम दुनिया को इस बात के लिए जागरूक करके कि विकलांगता का क्या मतलब है और लोग कैसे समर्थन कर सकते हैं, वास्तविक अर्थों में बदलाव लाएं।

हमने केरसेल फोर्मट में 5x आंकड़े प्रस्तुत किए हैं जो मिथकों को ध्वस्त करते हैं और लोगों को शिक्षित करते हैं।

ये सभी हमारे इंस्टाग्राम चैनल पर उपलब्ध होंगे और 19 अगस्त से आप इन्हें अपने चैनलों पर पोस्ट या फिर रिपोस्ट कर  सकते हैं।

**डिजाइन टेम्पलेट और अनुवाद 23 जुलाई से अंग्रेजी में और 5 अगस्त से अभियान के लिए चुनी गई सभी भाषाओं में इस लिंक पर उपलब्ध होंगे।**

दुनिया भर में 1.2 अरब विकलांग लोग हैं, और यह संख्या बढ़ रही है।

मुख्य तथ्य

दुनिया की कामकाजी उम्र की 2% आबादी हर साल विकलांगता से प्रभावित होती है।

**#हम15**

दुनिया के 15 फ़ीसदी लोग विकलांग हैं।

**#हम15**

# एथलीटों की फ़िल्में

#हम15

हमारे पास कुछ लघु सोशल मीडिया फ़िल्में हैं। इन फिल्मों में पैरालंपिक एथलीट अभियान और इसके महत्व के बारे में बता रहे हैं।

इनमें शामिल है:

- तात्याना मैकफैडेन (संयुक्त राज्य अमेरीका)
- ब्रेनना हक्काबी (संयुक्त राज्य अमेरीका)
- नटंडन महालंगु (रिपब्लिक ऑफ़ साउथ अफ्रीका)
- हुस्नाह कुकुंडके (यूगांडा)
- डेनियल डायस (ब्राज़ील)
- गुस्तावो फर्नांडीज (अर्जेंटीना)
- विनीसियस रॉड्रिक्स (ब्राज़ील)

एथलीटों की पूरी सूची यहां उपलब्ध जा सकती है।

ब्रेनना हक्काबी
2x में पैरालंपिक स्नोबोर्डेर

# समापन समारोह फिल्म

- टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों के समापन समारोह में आईपीसी अध्यक्ष के भाषण के बाद हम15 के सभी संस्थापक संगठनों के नेताओं की एक विशेष फिल्म दिखाई जाएगी।
- इस फिल्म में हम15 के उद्देश्य एवं लक्ष्य पर चर्चा की जाएगी।
- इस फिल्म को ग्लोबल फ़ीड से जोड़ा जाएगा।
- यह फिल्म समापन समारोह के बाद सोशल मीडिया पर प्रसारकों के उपयोग के लिए ओबीएस **कंटेंट**+ के माध्यम से उपलब्ध रहेगी।
- व्यावसायिक साझेदारों और समर्थकों को यह फिल्म आईपीसी वितरित करेगी (अधिक जानकारी के लिए यहां क्लिक करें)।



# समापन समारोह फिल्म के लिए स्क्रिप्ट

आज हम अपना ध्यान खेलों से हटाते हैं। भविष्य के लिए।

एथलीटों से दूर, विकलांग व्यक्तियों की वैश्विक आबादी के लिए।

एक अरब से अधिक लोग। दुनिया का 15%।

हम15 परिवर्तन के लिए वैश्विक आंदोलन है।

यह कहता है: विकलांग व्यक्तियों को जरुर ही देखा जाना चाहिए, सुना जाना चाहिए, सक्रिय किया जाना चाहिए और उन्हें शामिल किया जाना चाहिए।

दुनिया को और भी निष्पक्ष, न्यायपूर्ण और समतामूलक बनाने का आंदोलन।

पैरालंपिक की मशाल बुझने से पहले, यह इस मशाल को एक नए आंदोलन में प्रजव्वलित रखेगी।

दुनिया के बड़े संगठन हम15 को बड़े मुकाम पर पहुंचाने के लिए एकत्र हो रहे हैं।

नीति निर्माण के लिए। आंदोलन को गति प्रदान करने के लिए।

एक ऐसा दिन लाने के लिए जहां कोई पीछे न छूट जाए, उपहास का पात्र न बने या बहिष्कृत न हो।

ऐसा दिन जब हम खुद से अलग लोगों पर ध्यान देंगे और केवल अपनी साझा मानवता को देखेंगे।

क्योंकि जब ऐसा दिन आएगा तो यह क्षण हमारी स्मृतियों में कौंधेगा और हम कहेंगे:

जब फ्लडलाइटें बुझ गईं।

और कैमरों ने घूमना बंद कर दिया।

ठीक इसी क्षण परिवर्तन की बयार चल पड़ी।

# पॉडकास्ट

हम15 पॉडकास्ट की एक विशेष श्रृंखला 'ए विनिंग माइंडसेट: लेसन्स फ्रॉम द पैरालिंपिक' पर आयोजित की जाएगी।

इन वार्ताओं में वैश्विक नेताओं से साक्षात्कार करते कुछ मशहूर पैरालंपिक एथलीट शामिल होंगे।

साक्षात्कार के कुछ ऑडियो और वीडियो ओबीएस **कंटेंट**+ के माध्यम से प्रसारकों के लिए उपलब्ध हैं।

ये विशेष एपिसोड वेबी और दीगिडे मीडिया पुरस्कार विजेता पॉडकास्ट, ए विनिंग माइंडसेट की लघु-श्रृंखला के रूप में होंगे, और इनका प्रचार-प्रसार पॉडकास्टिंग प्लेटफार्मों द्वारा किया जाएगा।

पॉडकास्ट के लिए कोई भी प्रोत्साहन सामग्री यहां साझा की जाएगी।

- 21 अगस्त, 2021: आईपीसी अध्यक्ष एंड्रयू पार्सन्स के साथ यूएसए पैरालिंपियन अन्ना जोहान्स का साक्षात्कार
- 25 अगस्त, 2021: ऑस्ट्रेलिया की एली कोल और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त मिशेल बेशलेट
- 27 अगस्त, 2021: यूएसए की तात्याना मैकफैडेन और संयुक्त राष्ट्र उप-महासचिव अमीना जे मोहम्मद
- 28 अगस्त, 2021: ग्रेट ब्रिटेन के स्टेफ रीड और ईयू कमिश्नर फॉर इक्वैलिटी हेलेना डल्ली

- और अधिक जानकारी बाद में साझा की जाएगी

# सोशल मीडिया

## टिकटॉक

टिकटॉक पर 19 अगस्त से 5 सितंबर तक #डिसेबिलिटी_अवेयरनेस हैशटैग चलाया जाएगा। बाजार और हैशटैग की पूरी सूची यहां उपलब्ध कराई जाएगी।





## फेसबुक

आईपीसी फेसबुक के साथ मिलकर चार भागों में हम15 वीडियो श्रृंखला शुरू करेगी। अधिक जानकारी यहाँ नियत समय में उपलब्ध कराई जाएगी।

स्थानिक ऑडियो और इमर्सिव वीआर/वेब एक्सआर अनुभव भी https://www.paralympic.org/ पर आरंभ किए जाएंगे। इसका मकसद इन अनुभावात्मक प्रोद्योगिकी के इस्तेमाल के जरिए विकलांगता की धारणा में बदलाव लाना है।

## ट्विटर

निम्नलिखित हैशटैग 4 दिसंबर (अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के एक दिन बाद) तक हम15 के प्रतीक का इमोजी बनाएंगे।

| **भाषा** | WeThe15 का **अनुवाद** |
|---|---|
| अंग्रेज़ी | WeThe15 |
| स्पेनिश | NosotrosEl15 |
| हिंदी | हम15 |
| अरबी | نحن ال١٥ |
| चीनी | 我们是15 |
| जापानी | 私たち15 |
| इतालवी | NoiII15 |
| फ्रेंच | NousLes15 |
| पुर्तगाली | NósOs15 |
| रूसी | Мы15Процентов |
| बहासा इंडोनेशिया | KamiBer15 |
| कोरियाई | 우리가바로15 |
| जर्मन | WirDie15 |
| तागालोग/फिलिपिनो | Kaming15 |
| थाई | เราคือ15 |
| बहासा मेलायु | Kami15 |
| डच | WijDe15 |

.

# ब्रांड परिसंपत्तियां

# उपयोगी ब्रांड परिसंपत्तियां

हम15 ब्रांड संबंधी दिशानिर्देश डाउनलोड के लिए यहाँ उपलब्ध है। यदि आप अपनी खुद की परिसंपत्ति बनाने के लिए हम15 प्रतीक या वर्डमार्क का उपयोग करना चाहते हैं तो कृपया brand@wethe15.org पर संपर्क करें।

**हमने फ़िल्टर, जीआईएफ, प्रोफाइल पिक्चर फ्रेम और कवर फ़ोटो समेत आपकी अपनी सामग्री के निर्माण के लिए कई परिसंपत्तियां उपलब्ध कराई हैं। इनके डाउनलोड लिंक के लिए पृष्ठ 18 और 19 देखें।**
**एथलीटों के टोक्यो आगमन पर उन्हें भी हम15 अस्थायी टैटू दिए जाएंगे जिसे वे खेल के मैदान पर पहन सकते हैं। आप पृष्ठ19 पर दर्शाए गए वेबसाइट बैनर, डेस्कटॉप बैकग्राउंड और वीडियो कॉल बैकग्राउंड का भी उपयोग कर सकते हैं।**

**#WeThe15**
**#हम15**

# ब्रांडेड फ़िल्टर

19 अगस्त से, हम15 ब्रांडेड फ़िल्टर निम्न सोशल चैनलों पर उपलब्ध होंगे:

- इंस्टाग्राम
- टिकटॉक
- फेसबुक
- स्नैपचैट

हम15 के बारे में अपने सोशल चैनलों पर 'टू-कैमरा' कहानियां पोस्ट करते समय, कृपया इस फ़िल्टर का उपयोग करें।



# जीआईएफ

19 अगस्त से कई जीआईएफ उपयोग के लिए उपलब्ध होंगे, जिन्हें आप टेनोर (Tenor) और गिफी (Giphy) के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं और #हम15 के साथ सर्च कर सकते हैं। इनमें हम15 के प्रतीक, फिल्म के दृश्य और इंटेल द्वारा ड्रोन से बनाए गए हम15 के प्रतीक शामिल होंगे।

# विजुअल एडवोकेसी

हम15 की एडवोकेसी कने वाले तमाम लोगों को हम प्रेरित करते हैं कि :

- अपना कवर फ़ोटो अपडेट करें
- हम15 फ्रेम को शामिल करने के लिए अपना प्रोफ़ाइल फोटो बदलें
- अपने नाम के साथ पर्पल हर्ट/#हम15 जोड़ें
- सोशल मीडिया पर अपने बायो में #हम15 का जिक्र करें




डाउनलोड/इन परिसंपत्तियों के लिए यहां क्लिक करें

# प्रभावशाली व्यक्ति/दूत/एथलीट

# प्रभावशाली व्यक्ति/दूतों की पहुँच का दायरा

हमें ख़ुशी होगी कि एथलीट, साझेदारों के दूत और प्रभाशाली व्यक्ति 19 अगस्त को हमारा समर्थन करें। वे अपनी सुविधानुसार निम्नलिखित माध्यमों का चयन करें:

- इंस्टाग्राम और ट्विटर पर @हम15 को फॉलो करें
- अपने सोशल चैनलों पर अभियान फिल्म (हमारे चैनलों पर 19 अगस्त को जारी ) को शेयर करें और इसे हम15 चैनलों से लिंक करें
- हम15 चैनलों से अपने पसंद के रोचक तथ्य और आँकड़े साझा करें (देखें पृष्ठ 23 )
- अपने नाम के साथ पर्पल हर्ट जोड़ें और अपने प्रोफ़ाइल फोटो पर हम15 फ़्रेम को शामिल करें (देखें पृष्ठ 33)
- अपने सामाजिक चैनलों पर मौलिक सामग्री डालें
- ऐतिहासिक स्थलों को रोशन करने के बारे में सामग्री तैयार करें (देखें पृष्ठ 44-46)
- प्रेस इंटरव्यू और वार्ता में हम15 पर चर्चा करें
- हम15 के प्रतीक, जीआईएफ, स्टिकर, फिल्टर आदि का उपयोग करके जागरूकता बढ़ाएं (देखें पृष्ठ 30-32)

इस पृथ्वी का हर एक व्यक्ति यह सोचते हुए कि उनके कार्य विकलांग व्यक्तियों को कैसे प्रभावित करते हैं, बदलाव को अंजाम दे सकता है। बदलाव की शुरूआत प्रत्येक समुदाय से हो सकती है। यह आप से शुरू हो सकता है।

एक टेम्पलेट ईमेल बनाया गया है और आप अपने दूतों तथा प्रभावशाली व्यक्तियों को शामिल करने के लिए इसका उपयोग कर सकते हैं – दूत तथा प्रभावशाली व्यक्ति टेम्पलेट ईमेल

# आउटडोर/प्रेस

# आउटडोर/प्रेस

हम अपने साझेदारों से निम्नलिखित कार्यों के लिए मास्टर आर्टवर्क फ़ाइलों का उपयोग करने के लिए कह रहे हैं:

- हमारे आउटडोर/प्रेस क्रिएटिव को चलाएं (ऐसा करने के लिए अपने मीडिया का इस्तेमाल करें)
- अपने मौजूदा आउटडोर/प्रेस क्रिएटिव पर हमारे टेकओवर कांसेप्ट को चलाएं

हमने नीचे मास्टर आर्टवर्क फ़ाइल का लिंक दिया है (पूरा पृष्ठ, आधा पृष्ठ, 6 शीट, 48 शीट) और साथ ही कॉपी करने के विकल्प और संबंधित अनुवाद दिए हैं।
यह साझेदार की जिम्मेदारी होगी कि वे सूची से अपनी पसंदीदा कॉपी चुनें, तदनुसार आर्टवर्क फ़ाइल को अपने हिसाब से तैयार करें और प्रेस/आउटडोर मीडिया साइटों को भेज दें।

समय संबंधी शर्तों के लिहाज से, इस कार्य को 19 अगस्त - 6 सितंबर (पैरालम्पिक समापन समारोह के एक दिन बाद) से लाइव करने का लक्ष्य है। कहा जा रहा है कि यह 10 वर्षीय अभियान है, लिहाजा हमें प्रत्येक साझेदार की सुविधा के अनुसार अलग-अलग समय पर इस क्रिएटिव को चलाने के लिए विकल्प खुला रखना होगा। अभियान के आरंभ (19 अगस्त, 2021) से पहले इस कार्य को लाइव नहीं किया जाना चाहिए।

अनुवाद सहित आउटडोर/प्रेस मास्टर आर्टवर्क फ़ाइल संबंधी लिंक।
अनुवाद सहित टेकओवर मास्टर आर्टवर्क फ़ाइल संबंधी लिंक।

**फाइलें अंग्रेजी में 23 जुलाई से और सभी अभियान भाषाओं में 5 अगस्त तक उपलब्ध होंगी ।**

# आउटडोर/प्रेस – क्रिएटिव का उदाहरण

**(अंतिम परिसंपत्तियां शुक्रवार 23 जुलाई को अपलोड की गईं)**

**यह ट्विटर पर लोगों की संख्या का 4 गुना है**


**हम में से केवल 0.0004% टोक्यो में प्रतिस्पर्धा में भाग ले रहे हैं**


**विकलांग लोग हमारी दुनिया की आबादी के 15% हैं। #हम15**

**विकलांग लोग हमारी दुनिया की आबादी के 15% हैं। #हम15**

# आउटडोर/प्रेस – टेकओवर का उदाहरण

**(अंतिम परिसंपत्तियां शुक्रवार 23 जुलाई को अपलोड की गईं)**




केवल मॉक-अप उदाहरण के लिए

बैंगनी पट्टी इस तरह लगानी चाहिए कि यह सामान्य गति को भंग करती लगे और उस पर तुरंत नज़र पड़े। अगर यह बिल्कुल साफ-सुथरी लगती हो, तो इसका मकसद पूरा नहीं होता।

हालांकि यह महत्वपूर्ण है कि ब्रांड स्पष्ट दिखाई पड़े, बैंगनी पट्टी को क्रिएटिव को काटते हुए लगाना चाहिए ताकि इसे अनदेखा करना मुमकिन नहीं हो।

# मीडिया के साथ संबंधों का आरंभ

# नजरिया:हित साधन करें, प्रभाव पैदा करें

### 19 अगस्त - आंदोलन की शुरुआत

**नजरिया:** हमें दुनिया भर के प्रवक्ताओं और मीडिया के प्रति एक सुसंबद्ध नजरिया रखना चाहिए, यह आंदोलन के आरंभ के दिन प्रत्येक हितधारक के लिए अवसर पैदा करेगा।
**क्या घटित हो रहा है?** आंदोलन की पहली सार्वजनिक घोषणा। हमारा उद्देश्य हम15 अभियान, वैश्विक साझेदारों और 10 वर्षीय मिशन के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।
**हम किससे संवाद कर रहे हैं?** मीडिया, आम जनता, विकलांगता पर काम करने वाले गैर सरकारी संगठन।
**क्या सामग्री होगी?** प्रेस विज्ञप्ति, प्रवक्ताओं के साथ साक्षात्कार, अभियान फिल्म, अभियान प्रतीक, लाइट अप से बनी छवियां।
**हम किसे लक्षित कर रहे हैं?** ग्लोबल न्यूज़ वायर; ब्रॉडकास्ट, प्रिंट और ऑनलाइन; खेल, तृतीयक क्षेत्र, स्वास्थ्य उपभोक्ता और व्यापार के क्षेत्र में राष्ट्रीय संवाददाता। समाचारों का कवरेज प्राथमिकता है, इसके बाद लेख आदि को देखा जाएगा।
**आगे बढ़ने की हमारी योजना क्या है?** यह अभियान समूची दुनिया में फैलेगा। हम सुबह से ही लक्षित बाजारों में मीडिया से मुखातिब होना चाहते हैं। उनके साथ मिलना-जुलना टोक्यो में शुरू होगा (मीडिया से पहली बार हम यहां बात करेंगे) और तब यूरोप/अफ्रीका एवं फिर अंत में उत्तरी अमेरिका की ओर बढ़ेंगे।
**हमारे पास प्रमुख लक्षित मीडिया बाजार हैं:** एशियापैक - जापान/चीन/ऑस्ट्रेलिया; यूरोप/अफ्रीका - यूके, फ्रांस, इटली, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका; उत्तरी अमेरिका - यूएसए/कनाडा।
**मीडिया के साथ कौन बात करेंगे?** प्री-ब्रीफिंग और आरंभ के दिन के लिए कई हितधारक प्रवक्ताओं और एथलीटों को तैयार किया जा रहा है।

# मीडिया के प्रति दृष्टिकोण का अवलोकन

## अभियान फिल्म और उसके आरंभ संबंधी विज्ञप्ति

प्रवक्ताओं की पूर्व ब्रीफिंग - 5 अगस्त को की जाएगी। अस्थाई रूप से प्रतिबंधित मीडिया पूर्व-ब्रीफिंग और साक्षात्कार क्रमशः 10 अगस्त एवं 11 अगस्त को होंगे।
अभियान आरंभ फिल्म और आरंभ संबंधी प्रेस विज्ञप्ति डब्ल्यू/सी 16 अगस्त से प्रतिबंध के अधीन, शीर्ष स्तरीय समाचार, सामाजिक मामलों, उपभोक्ता, जीवन शैली और स्पोर्ट्स टारगेट को बेचे जाएंगे। व्यापक मीडिया को 19 अगस्त को समाचार प्राप्त होंगे।

**लाइव: 07:00 JST (UTC +9) 19 अगस्त, 2021**
**(टोक्यो घोषणा के साथ संलग्न करने के लिए)**

## एतिहासिक स्थलों को रोशन करना

19 अगस्त के सूर्यास्त को दुनिया भर के ऐतिहासिक स्थलों को बैंगनी रंग से रोशन किया किया जाएगा।

मीडिया के साथ अवसरों को अधिक-से-अधिक बढ़ाने के लिए, डब्ल्यू/सी 9 अगस्त को पहले से ही ऐतिहासिक स्थलों की तस्वीरें ली जाएंगी।

**लाइव: सूर्यास्त 19 अगस्त, 2021**

पहुँच के दायरे को बढ़ाने के लिए ड्राफ्ट कॉपी यहां प्रस्तुत की गई है। अधिक जानकारी के लिए Philip.Doward@paralympic.org से संपर्क करें।

# बैंगनी रंग से रोशन

# चयनित ऐतिहासिक स्थल

हम15 के उद्घाटन समारोह के लिए, 19 अगस्त को कई देशों और टाइम-ज़ोन में फैले 80 से अधिक ऐतिहासिक स्थलों को विकलांगता के अंतरराष्ट्रीय बैंगनी रंग से रोशन किया जाएगा। कृपया स्थलों की पूरी सूची यहां देखें।
सूची में ऐतिहासिक स्थलों को जोड़ने के लिए, कृपया संपर्क hello@wethe15.org पर करें।

| | | |
|---|---|---|
| टोक्यो-स्काईट्री, टोक्यो | हार्पा, रेकजाविक | ओस्टैंकिनो टॉवर, मास्को |
| मरेफील्ड, एडिनबर्ग | कालीज़ीयम, रोम | फुलर्टन होटल, सिंगापुर |
| जेट डी'ओयू, जिनेवा | नियाग्रा फॉल्स, यूएसए और कनाडा | जेरुसलेम, ओल्ड वाल्स ऑफ़ जेरुसलेम |
| हाउस ऑफ़ पार्लियामेंट, लंदन | एफएनबी स्टेडियम, जोहान्सबर्ग | किंगडम टॉवर, सऊदी अरब |
| ऑस्ट्रियाई पार्लियामेंट, वियना | यवुज सुल्तान सेलिम ब्रिज, इस्तांबुल | पेट्रिन लुकआउट टॉवर, प्राग |
| पेरिस सिटी हॉल, पेरिस | विक्टोरिया ब्रिज, ब्रिस्बेन | स्काई टॉवर, ऑकलैंड |



©टोक्यो-स्काईट्री

# मैं बैगनी रंग से रोशन करने का समर्थन कैसे कर सकता हूं?


1. इसकी पुष्टि करें कि प्रधान कार्यालय या अन्य महत्वपूर्ण भवन या आपकी डिजिटल संपत्तियां (कंपनी का लोगो, वेबसाइट, सोशल मीडिया) 19 अगस्त को बैंगनी रंग से रोशन हो सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया hello@wethe15.org पर संपर्क करें।
2. मीडिया को जारी करने के लिए 19 अगस्त को अपने ऐतिहासिक स्थलों की फोटोग्राफी कराएं या अपनी डिजिटल संपत्तियों के स्क्रीनशॉट ले लें और फिर इन तस्वीरों को आईपीसी टीम के साथ साझा करें। आईपीसी ऐतिहासिक स्थलों की कॉपीराइट मुक्त तस्वीरों को यहां अपलोड करेगी।
3. दोस्ताना मीडिया और व्यापक प्रेस से जुड़ें ताकि उन्हें अस्थाई प्रतिबंध के अधीन अभियान और लाइट-अप की खबरों के बारे में सचेत किया जा सके। इस संवाद के दौरान प्रेस विज्ञप्ति साझा करें।
4. लाइट-अप के दायरे को बढ़ाने के लिए अपने सोशल चैनलों पर सुसज्जित इमारतों की छवियों को साझा करने के लिए स्थानीय ऐतिहासिक स्थलों के प्रतिनिधियों के साथ संपर्क करें।
5. ऐतिहासिक स्थल संबंधी सामग्री तैयार और उन्हें शेयर करने के लिए अपने दूतों और प्रभावशाली व्यक्तियों से संपर्क रखें।
6. #हम15 और @हम15 ट्विटर और इंस्टाग्राम चैनलों समेत अपने तमाम सोशल चैनलों पर ऐतिहासिक स्थलों से जुड़ी सामग्रियां पोस्ट करें/साझा करें।

बैंगनी रंग से रोशन ऐतिहासिक स्थल




बैंगनी रंग का लोगो

बैंगनी रंग से सजे वेबसाइट/सोशल चैनल



# मीडिया ब्रीफिंग

कृपया उद्घाटन के सुनिश्चित कवरेज के लिए मीडिया को ब्रीफ करें। दोस्ताना मीडिया और व्यापक प्रेस से जुड़ें ताकि उन्हें अस्थाई प्रतिबंध के अधीन अभियान और लाइट-अप की खबरों के बारे में सचेत किया जा सके।

ऐतिहासिक स्थलों को रोशन करना दुनिया भर के ब्रॉडकास्ट, पिक्चर और वर्चुअल डेस्क को मीडिया कवरेज के लिए आकर्षित करेगा। आरंभ से पहले, अपने स्थानीय लाइट अप के लिए व्यापक मीडिया को आमंत्रित किया जा सकता है ताकि वे 19 अगस्त को ऐतिहासिक स्थलों के बैंगनी रंग से रोशन होने की घटना की रिपोर्टिंग कर सकें।

*मीडिया आमंत्रण यहां प्राप्त किया जा सकता है।*
*स्थानीय मीडिया की जरूरतों के अनुरूप आमंत्रण पत्र में संशोधन और अनुवाद किए जा सकते हैं।*





फोटो क्रेडिट: कैनवा

# संपर्क विवरण

यदि आपके पास कोई प्रश्न है, तो कृपया hello@wethe15.org पर संपर्क करें

अधिक जानकारी के लिए WeThe15.org पर संपर्क करें।

#हम15

#WeThe15